मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
गोरखपुर।

पत्रांक/मा0प्रौ0वि0/कुस0का0/ 613 /2024 दिनांक : 12 जून, 2024

<u>समस्त अधिष्ठातागण/ समस्त विभागाध्यक्ष/ समस्त अनुभागीय अधिकारी/ यूनिट के समस्त प्रभारीगण</u>

अवगत कराना है कि पूर्व प्रेषित पत्र मा0प्रौ0वि0/कुस0का0/596/2024 दिनांक 04.06.2024 के अन्तर्गत दिनांक 05.06.2024 को समर्थ पोर्टल के माध्यम से पत्रावलियों के संचालन हेतु सभी उपस्थित कार्यालय सहायकों (नियमित/ सेवा-प्रदाता के माध्यम से योजित) को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। परन्तु अभी भी कार्यालयों के द्वारा पत्रावलियों को समर्थ पोर्टल के माध्यम से प्रचलित नहीं किया जा रहा है। उक्त के क्रम में माननीय कुलपति महोदय द्वारा दिनांक 13.06.2024 से सभी कार्यालयों के द्वारा पत्रावलियों का प्रचलन शत-प्रतिशत समर्थ पोर्टल के माध्यम से ही किये जाने का निर्देश प्रदान किया गया है। तद्क्रम में आपसे अपेक्षा की जाती है किं आपके कार्यालय स्तर से आरम्भ की गयी समस्त पत्रावलियों को समर्थ पोर्टल पर Create कर उसका Reference No पत्रावलियों पर अंकित करने के उपरान्त ही दिनांक 13.06.2024 से किसी अन्य विभाग/ अनुभाग/ कार्यालय को अग्रेषित की जायें। साथ ही दिनांक 13.06.2024 के उपरान्त किसी अन्य विभाग द्वारा बिना समर्थ पोर्टल के Reference No एवं Diary No अंकित की हुई पत्रावली को स्वीकार न करते हुए मूल विभाग/ अनुभाग को वापस कर दिया जाये।

अतएव कृपया मा0 कुलपति महोदय के आदेश के क्रम में कृपया दिनांक 13.06.2024 से अपने कार्यालय की पत्रावलियों का प्रचलन शत-प्रतिशत समर्थ पोर्टल के माध्यम से ही करवाना सुनिश्चित करने का कष्ट करें। अन्यथा की स्थिति में पत्रावलियों पर विचार नहीं किया जायेगा एवं यथावत् सम्बन्धित विभाग/ अनुभाग को वापस कर दी जायेंगी।

कुलसचिव

पृ0सं0/मा0प्रौ0वि0/कुस0का0/ 613 /2024 दिनांकः 12 जून, 2024

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

01 सुपर एडमिन समर्थ पोर्टल।
02 वेब-मास्टर, विश्वविद्यालय वेबसाईट को उक्त सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अद्यतन एवं अपलोड करने के सम्बन्ध में।
03 कुलसचिव कार्यालय (गार्ड फाईल)।
04 वै0स0 कुलपति को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

कुलसचिव 12/06/24

Internal Latter I 628